प्रेषक

**कुलसचिव,**
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

सेवा में,

(1). **निदेशक,**
दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

(2). **समस्त विभागाध्यक्षगण,**
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।

(3). **विभागाध्यक्षों से भिन्न समस्त आचार्य,**
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।

(4). **डॉ0 संजीव गुप्ता,**
एसोसिएट प्रोफेसर, वाणिज्य विभाग,
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।

(5). **श्री आशीष कुमार गुप्ता,**
असिस्टेण्ट प्रोफेसर, दृष्टिबाधितार्थ विभाग,
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।

पत्रांक :२२२। /पत्रा.सं0–568(द्वितीय)/डा.श.मि.रा.पु.वि./वि0परि0/2022–23 दिनांकः 06 नवम्बर, 2022

**विषयः– डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ की मा0 विद्या परिषद की 27वीं बैठक दिनांकः 03 नवम्बर, 2022 की कार्यवृत्त प्रेषण के सम्बन्ध में।**

महोदया/महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ की मा0 विद्या परिषद की 27वीं बैठक दिनाँकः 03 नवम्बर, 2022 को लिए गये निर्णयों का कार्यवृत्त की छायाप्रति इस पत्र के साथ संलग्न कर प्रेषित किये जाने का निदेश हुआ है।

**संलग्न– यथोपरि।**

भवदीय,

(रोहित सिंह)
कुलसचिव

# डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
## की मा0 विद्या परिषद् की
## 27वीं बैठक दिनाँकः 03 नवम्बर, 2022 को आहूत बैठक का कार्यवृत्त

| | |
|---|---|
| समय– | मध्याह्न : 12:00 बजे |
| स्थान– | प्रशासनिक भवन, पंचम तल स्थित सभागार, डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ। |

उपरोक्त कार्यक्रमानुसार विश्वविद्यालय की मा0 विद्या परिषद् की 27वीं बैठक विश्वविद्यालय के पंचम तल स्थित सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में सदस्यों की उपस्थिति संलग्नक के अनुसार रही। बैठक में विभिन्न एजेण्डा बिन्दुओं पर विस्तृत विचार–विमर्श के उपरान्त निम्नानुसार निर्णय लिये गये:–

| क्र0सं0 | विषय |
|---|---|
| 1/27 | **मा0 विद्या परिषद् की 26वीं बैठक हेतु निर्गत कार्यवृत्त की पुष्टि के सम्बन्ध में।** |
| | **निर्णयः**–मा0 विद्या परिषद् की 26वीं बैठक दिनाँक 24 सितम्बर, 2022 के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई। |
| 2/27 | **मा0 विद्या परिषद् की 26वीं बैठक दिनाँक 24 सितम्बर, 2022 में लिये गये निर्णयों के अनुपालन के सम्बन्ध में।** |
| | **निर्णयः**–मा0 विद्या परिषद् की 26वीं बैठक दिनांक 24 सितम्बर, 2022 में लिये गये निर्णयों की अनुपालन आख्या मा0 विद्या परिषद् की आगामी बैठक में प्रस्तुत किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 3/27 | **नवम् दीक्षान्त समारोह में उपाधि/डिप्लोमा/प्रमाण–पत्र प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।** |
| | **निर्णयः**–मा0 विद्या परिषद को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय में दिनांक 08 नवम्बर, 2022 को नवम् दीक्षान्त समारोह का आयोजित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के शैक्षिक सत्र 2021–22 में उत्तीर्ण 1506 (1477+29) विद्यार्थियों को उपाधि/डिप्लोमा/प्रमाण–पत्र प्रदान किये जाना है, जिसमें 29 उपाधियाँ भी सम्मिलित हैं, के साथ–साथ विभिन्न विधाओं में सर्वश्रेष्ठ 150 विद्यार्थियों को मेडल/पदक वितरण किया जाना है। उक्त से संज्ञानित होते हुए मा0 विद्या परिषद् द्वारा उपाधि/डिप्लोमा/प्रमाण–पत्र एवं मेडल प्रदान किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया।<br>इसके अतिरिक्त मा0 विद्या परिषद के सदस्यों को संज्ञानित कराया गया कि विश्वविद्यालय के नवम दीक्षान्त समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में महामहोपाध्याय पद्म भूषण आचार्य वशिष्ठ त्रिपाठी, अध्यक्ष, काशी विद्वत् परिषद् को सादर आमंत्रित किया गया है, जिस पर मा0 विद्या परिषद द्वारा सहर्ष अनुमोदन प्रदान किया गया। |

(रोहित सिंह)
कुलसचिव
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा
राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय



(प्रो0 राणा कृष्ण पाल सिंह)
कुलपति
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास
विश्वविद्यालय, लखनऊ

| | |
|---|---|
| 4/27 | **अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के विद्यार्थियों को छात्रावास सुविधा उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।** |
| | **निर्णयः**—मा0 विद्या परिषद को संज्ञानित कराया गया है कि स्ववित्तयोजनान्तर्गत संचालित अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान में प्रवेशित विद्यार्थियों को छात्रावास सुविधा अनुमन्य किये जाने पर विचार विमर्श किया गया। पुरूष छात्रावास में लगभग 900 विद्यार्थियों एवं महिला छात्रावास में लगभग 400 छात्राओं के आवासित होने की क्षमता है, ऐसी स्थिति में विश्वविद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रमों प्रवेशित विद्यार्थियों को वास्तविक आवश्यकता के आधार पर छात्रावास सुविधा अनुमन्य किया जाये। इसी क्रम में मा0 विद्या परिषद के सदस्यों द्वारा यह सहमति व्यक्त की गई कि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान में अध्ययनरत विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय में छात्रावास में उपलब्धता के आधार पर सर्वप्रथम दिव्यांग विद्यार्थियों एवं उसके उपरान्त छात्राओं को छात्रावास की सुविधा उपलब्ध कराया जाय। इसके साथ सम्पूर्ण छात्रावास में अन्य छात्रों को आवास देने हेतु निदेशक—प्रवेश, निदेशक—अभियात्रिंकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, महिला व पुरूष छात्रावास के अतिरिक्त चीफ प्रोवोस्ट की समिति गठित किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया। उक्त समिति विभिन्न पहलुओं पर विचार करते हुए अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के छात्राओं को छात्रावास की सुविधा अनुमन्यता पर संस्तुति सहित आख्या कुलपति, विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराते हुए अग्रेत्तर कार्यवाही सम्पादित की जाये। |
| 5/27 | **विश्वविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत भेषज विज्ञान संस्थान (Institute of Pharmacy) की स्थापना के सम्बन्ध में।** |
| | **निर्णयः**—विश्वविद्यालय द्वारा नवीन रोजगारपरक पाठ्यक्रम प्रारम्भ किये जाने की श्रृंखला में विश्वविद्यालय में भेषज विज्ञान संस्थान (Institute of Pharmacy) की स्थापना करते हुए उसमें D.Pharm. व B.Pharm. कोर्स संचालित किये जाने का प्रस्तुत प्रस्ताव/रूपरेखा का अवलोकन मा0 विद्या परिषद द्वारा किया गया। मा0 विद्या परिषद द्वारा उक्त स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत संचालित किये जाने वाले उक्त पाठ्यक्रम की नियामक संस्था Pharmacy Council of India (PCI) से आवश्यक पत्राचार व स्थलीय निरीक्षण की कार्यवाही किये जाने से पूर्व विश्वविद्यालय में आवश्यक/उपलब्ध संसाधनों का आंकलन करते हुए अग्रेत्तर कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये तथा इस कार्य को गति प्रदान किये जाने हेतु डॉ0 दिनेश कुमार सिंह, सहायक आचार्य, सूचना प्रौद्योगिकी को उप निदेशक के रूप में नामित किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 6/27 | **विश्वविद्यालय में 08 नवम्बर, 2022 को होने वाले दीक्षान्त समारोह के शोभा यात्रा के सम्बन्ध में।** |
| | **निर्णयः**—विश्वविद्यालय में दिनांक 08 नवम्बर, 2022 को होने वाले नवम् दीक्षान्त समारोह में शोभा यात्रा हेतु शिक्षकवृन्द एवं आमंत्रित अतिथियों के चलने के क्रम पर सम्यक् विचारोपरान्त अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 7/27 | **अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य बिन्दु।** |
| (1) | **विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति की 12वीं बैठक दिनांक 21 अक्टूबर, 2022 में लिये गये निर्णय पर विचार।** |
| | **निर्णयः**—विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति की 12वीं बैठक दिनांक 21 अक्टूबर, 2022 में लिए गये निर्णय के निर्गत कार्यवृत्त को अवलोकित करते हुए मा0 विद्या परिषद् द्वारा यथावांछित अनुमोदन प्रदान किया गया। |

(रोहित सिंह)
कुलसचिव
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा
राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय
लखनऊ।



(प्रो0 राणा कृष्ण पाल सिंह)
कुलपति
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास
विश्वविद्यालय, लखनऊ

| | |
|---|---|
| 7/27 (2) | **स्नातक स्तर पर समाजशास्त्र विषय के प्रत्येक प्रश्न–पत्र के पूर्णांकों के सम्बन्ध में।** |
| | **निर्णयः–** मा0 विद्या परिषद को संज्ञानित कराया गया है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के अंगीकृत किये जाने के पश्चात् समाजशास्त्र/सामाजिक विज्ञान विभाग में स्नातक स्तर का पाठ्यक्रम एन0ई0पी0 की अनुशंसाओं के अनुरूप विकसित किया गया, जिसे विश्वविद्यालय के सक्षम निकायों द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। समाजशास्त्र पाठ्यक्रम के स्नातक स्तर के समस्त अधिसत्रों में थ्योरी के प्रश्न–पत्रों हेतु 75 अंक निर्धारित किये गये थे, किन्तु आन्तरिक मूल्यांकन हेतु लिपिकीय त्रुटिवश 30 अंक टंकित हो गया था, जिसे संशोधनोपरान्त 25 अंक निर्धारित किये जाने पर मा0 विद्या परिषद द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 7/27 (3) | **विश्वविद्यालय में विशेष शिक्षा के क्षेत्र में संचालित PGDRP Programme हेतु अध्ययन मण्डल की बैठक में लिए गये निर्णय पर विचार में ।** |
| | **निर्णयः–** मा0 विद्या परिषद को संज्ञानित कराया गया कि विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय में भारतीय पुनर्वास परिषद द्वारा संचालित PGDRP (Post Graduate Diploma in Rehabilitation Psychology) Programme के सुगम संचालन के लिए विषयों के निर्धारण हेतु अध्ययन मण्डल द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया है, जिस पर मा0 विद्या परिषद द्वारा यथावांछित अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| 7/27 (4) | **विश्वविद्यालय में यूनिवर्सिटी आई0टी0 कमेटी द्वारा दिये गये प्रस्ताव पर विचार।** |
| | **निर्णयः–** मा0 विद्या परिषद के सदस्यों को यूनिवर्सिटी आई0टी0 कमेटी द्वारा नैक (NAAC) आदि की गतिविधियों की आवश्यकता के दृष्टिगत विश्वविद्यालय में आई0टी0 कमेटी द्वारा यूनिवर्सिटी आई0टी0 पालिसी, यूनिवर्सिटी ई–गवर्नेन्स पालिसी एवं यूनिवर्सिटी ई–वेस्ट पालिसी का प्रस्ताव मा0 विद्या परिषद के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया गया, जिस पर मा0 विद्या परिषद सम्यक् विचारोपरान्त क्रियान्वयन हेतु यथावांछित अनुमोदन प्रदान किया गया। |
| | किसी अन्य बिन्दु के अभाव में सधन्यवाद बैठक का समापन किया गया। |

(रोहित सिंह)
कुलसचिव
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा
राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय
लखनऊ।

(प्रो0 राणा कृष्ण पाल सिंह)
कुलपति
डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास
विश्वविद्यालय, लखनऊ